एक नजर

मां से विवाद के बाद बेटे ने चाकू से गोदकर पिता की हत्या, दो दिन बाद गिरफ्तार

हरदोई। कोतवाली शहर क्षेत्र के राधानगर में मां के साथ हो रहे विवाद का विरोध करना बेटे को इतना भारी पड़ा कि गुस्से में उसने अपने ही पिता की चाकू से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने दो दिन तक तलाश करने के बाद गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर को रामेन्द्र सिंह का पत्नी अंजू सिंह से विवाद हो रहा था। इसी दौरान बेटे सत्यम सिंह ने मां के साथ मारपीट का विरोध किया। इस बात को लेकर पिता-पुत्र में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सत्यम ने धारदार हथियार से पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सत्यम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गाड़ी पीछे हटाने को लेकर दो पक्ष भिड़े हॉकी से हमला और फायरिंग का आरोप

हरदोई। कोतवाली शहर क्षेत्र के आजाद नगर में गाड़ी पीछे हटाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक हो गया। आशीष सिंह सोलंकी और शक्ति प्रताप सिंह के बीच कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इस दौरान हॉकी से हमला किया गया और राइफल से फायरिंग भी हुई। घटना के बाद विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि मारपीट और फायरिंग के आरोपों से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वायरल वीडियो और दोनों पक्षों के आरोपों की जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

शाहाबाद में कपड़ा कारोबारी की दुकान में बंद मिली युवती, पुलिस ने तुड़वाया ताला

हरदोई। शाहाबाद के सदर बाजार स्थित खत्री धर्मशाला के पास कपड़े की दुकान के अंदर युवती बंद मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान का ताला तुड़वाकर युवती को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही दुकान संचालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, सदर बाजार में लक्ष्मी दत्त ऋषि कुमार वस्त्र विक्रेता के नाम से कपड़े की दुकान है। दुकान के अंदर युवती के होने की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शटर का ताला खुलवाया और युवती को अपने साथ ले गई। युवती का चेहरा ढका होने के कारण उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस दुकान संचालक की तलाश के साथ ही पूरे मामले की जांच कर रही है।

17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, घर से नकदी और जेवर भी गायब

हरदोई। माधौगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर में रखी नकदी व जेवरात गायब होने का मामला सामने आया है। पिता राजू की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पीड़ित के मुताबिक, 23 नवंबर को वह परिवार के साथ खेत में सरसों की फसल में पानी लगाने गया था। घर पर अकेली मौजूद उसकी पुत्री नंदिनी को आरोप है कि बिलग्राम थाना क्षेत्र के जरसेना गांव निवासी रेनू, विपिन और रामनरेश समेत अन्य लोग बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़ित ने घर में रखे 15 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, एक जोड़ी बाली, चांदी की हाफ पेटी और पायल गायब होने की भी शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विवाहिता का गला दबाकर हत्या की कोशिश, पति समेत छह पर मुकदमा

हरदोई। माधौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कल्हामऊ में विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर मारपीट, गला दबाकर हत्या का प्रयास करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता शिवांशी तिवारी के अनुसार, 11 नवंबर को पति पूर्णदेव तिवारी, सास मीना देवी, ससुर रमेश चंद्र, देवर शुभम तिवारी, जेठ अवधेश तिवारी और ननदोई समेत अन्य लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया गया। पीड़िता का कहना है कि 13 नवंबर को दोबारा ससुराल पहुंचने पर उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर निकाल दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गेट्स फाउंडेशन और विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने माधौगंज एफपीओ का किया दौरा, किसानों को बाजार से जोड़ने पर मंथन

हरदोई। माधौगंज एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) की गतिविधियों का जायजा लेने बुधवार को गेट्स फाउंडेशन और विश्व बैंक का प्रतिनिधिमंडल माधौगंज पहुंचा। ग्राम माधवपुरवा स्थित कृषि अनुभव केंद्र का निरीक्षण कर किसानों के लिए संचालित योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी ली गई।गेट्स फाउंडेशन की निदेशक कैरल वेल्च और सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर निधि नाथ श्रीनिवास के नेतृत्व में पहुंची टीम ने एफपीओ की संगठनात्मक व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं कृषि विपणन प्रणाली को समझा। बैठक में डिजिटल कृषि व्यवस्था मजबूत करने, एफपीओ की संस्थागत क्षमता बढ़ाने और किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने पर चर्चा हुई। ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर की पायलट परियोजना में एफपीओ की भागीदारी पर भी विचार-विमर्श किया गया। एफपीओ निदेशक विभांशु गोस्वामी, विकास , साधना, प्रफुल्ल गोस्वामी, सुखवीर , सीईओ शिवम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ

हरदोई। संविधान दिवस पर ग्राम पंचायत रुइया में भाजपा विधायक आशीष सिंह आशू ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ भी किया। विधायक ने कहा कि भारतीय संविधान देश की एकता, समानता और लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। डॉ. आंबेडकर ने समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा, खंड विकास अधिकारी सर्वेश सिंह, ग्राम प्रधान सुधींद्र सिंह, आशीष पाल, महेंद्र सिंह, मोनू शुक्ला, आयुष पटेल, मोनू सिंह, वैभव सिंह और नितिन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भाषण प्रतियोगिता में संख्या पांडे ने बाजी मारी

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में सर सीवी रमन जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एस पी सिंह, प्रधानाचार्य कमला नेहरू स्वायत्त महाविद्यालय, सुल्तानपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ विनोद कुमार सिंह, सदस्य शिक्षा चयन बोर्ड तथा प्रबंधन महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, डॉ अरविंद तिवारी एसोसिएट प्रोफेसर केएनआईटी सुल्तानपुर ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप पप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की साथ ही सर सीबी रमन के चित्र पर माल्यार्पण किया। महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रार्थना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एसपी सिंह ने विज्ञान विषय से अधिक वैज्ञानिक सोच को अपनाने पर महत्व दिया और उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक सोच से ही मानव जीवन उन्नति को प्राप्त कर सकता है। डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सर सीवी रमन एशिया तथा भारत के पहले भौतिक शास्त्री थे इस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया और उनकी खोज ने विज्ञान को नई दिशा प्रदान की। विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद तिवारी ने बच्चों को नवाचार तथा गहन अध्ययन की शिक्षा दी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि जागृत की। इस अवसर पर विज्ञान- वरदान या अभिशाप विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।केएनआईसी करौंदिया की छात्रा संख्या पांडे ने प्रथम स्थान, महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा उन्नति सिंह ने द्वितीय स्थान तथा जीआईसी सुल्तानपुर के छात्र जमील अख्तर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संविधान दिवस पर एक स्वर में हुआ प्रस्तावना का वाचन

85 हजार से अधिक लोगों ने ली मौलिक कर्तव्यों की शपथ



सुल्तानपुर। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय सुल्तानपुर एवं जनपद सुल्तानपुर व अमेठी के समस्त विद्यालयों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ **एक स्वर, एक संविधान** के संकल्प के साथ प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुआ। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार चतुर्थ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुक्ता त्यागी सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण,न्यायालय कर्मचारी गण तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।शपथ के माध्यम से संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय एकता, वैज्ञानिक मनोवृत्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं देश की संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर सचिव मुक्ता त्यागी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि हमारे जीवन जीने का मार्गदर्शन है। अधिकारों के साथ-साथ अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। छात्र ही देश का भविष्य हैं, उन्हें संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में जनपद न्यायालय सुल्तानपुर में 280 न्यायिक अधिकारी गण/ कर्मचारी गण/ विद्यार्थियों एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों/ विद्यालयों पर 84,926 प्रतिभागियों/विद्यार्थियों सहित कुल 85,206 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली संविधान की प्रस्तावना की शपथ

संविधान दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्रीमती रत्नप्रिया एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करते हुए संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना के माध्यम से सभी को न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के मूल भावों को आत्मसात करने तथा संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विशेष मरम्मत योजना के तहत 87 कार्यों को मिली स्वीकृति

अमेठी । जनपद में सड़कों को बेहतर सुगम एवं आवागमन के योग्य बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा विशेष मरम्मत एवं नवीनीकरण योजना के अंतर्गत व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में प्रांतीय खंड एवं निर्माण खंड के अंतर्गत विभिन्न मार्गों की विशेष मरम्मत और नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विशेष मरम्मत योजना के अंतर्गत प्रांतीय खंड द्वारा कुल 134 कार्यों 144.73 किलोमीटर लंबाई एवं 7154.51 लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके सापेक्ष 58 कार्यों 36.535 किलोमीटर लंबाई एवं 2247.54 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शेष कार्यों की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। स्वीकृत कार्यों के लिए निविदा एवं अनुबंध गठन संबंधी कार्यवाही प्रगति पर है। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होते ही संबंधित मार्गों पर मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार नवीनीकरण योजना के अंतर्गत प्रांतीय खंड द्वारा 80 कार्यों 100.85 किलोमीटर लंबाई एवं 2202.75 लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है जिसकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदा आमंत्रित कर अनुबंध गठन की कार्यवाही पूरी करते हुए मार्गों के नवीनीकरण का कार्य कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि निर्माण खंड के अंतर्गत विशेष मरम्मत योजना में कुल 30 कार्यों 46.06 किलोमीटर लंबाई एवं 2507.26 लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके सापेक्ष 29 कार्यों 46.02 किलोमीटर लंबाई एवं 1887.52 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शेष कार्य की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। स्वीकृत कार्यों के लिए निविदा एवं अनुबंध गठन संबंधी कार्यवाही की जा रही है।वहीं निर्माण खंड के अंतर्गत नवीनीकरण योजना में 87 कार्यों 108.04 किलोमीटर लंबाई एवं 1914.91 लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदा आमंत्रित कर अनुबंध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए संबंधित मार्गों का नवीनीकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र प्रारंभ कराते हुए पूर्ण कराने की कार्यवाही की जाएगी जिससे जनपद के ग्रामीण एवं अन्य संपर्क मार्गों की स्थिति में सुधार हो सके और आमजन को आवागमन में सुविधा मिले।

जिले में संविधान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

अमेठी । जिले में संविधान दिवस पर बुधवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर नमन किया। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए संविधान के प्रति निष्ठा एवं उसके मूल्यों के अनुरूप आचरण करने की शपथ दिलाई। कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता स्वतंत्रता न्याय एवं गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व धीरज श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह डिप्टी कलेक्टर पंकज कुमार रामशंकर सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब डॉ अम्बेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

बहुजन समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी के सदस्य संजय कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने दुनिया को सबसे अच्छा संविधान दिया है। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि भारतीय संविधान सभा को संविधान सौंपते हुए बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर करने के संदेश दिए थे।नगर स्थित बाबा साहब साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर सामाजिक भाईचारा कमेटी के अध्यक्ष मकबूल भाई वरिष्ठ नेता बबलू तिवारी राजेश अकेला राम प्रसाद शिवशंकर शर्मा राम शंकर गया प्रसाद सुभाष कुमार मुन्ना लाल अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। चेयर मैन अंजू कसौंधन ने भी बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।जनता नगर स्थित बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर भी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संविधान की उद्देशिका का पाठ किया और राज्य और केंद्र की सरकार से सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर करते हुए संविधान सम्मत शासन व्यवस्था की स्थापना की मांग की।वहीं नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में बुधवार को साधना फाउंडेशन के तत्वावधान में संविधान दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता श्रीमती त्रिपाठी ने की। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने अतिथियों का सत्कार करते हुए आज की दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ और अंगीकृत किया गया। इसे बनने में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर लोगों को सुनाई।मुख्यवक्ता के रूप में संजीव मिश्र ने कहा की संविधान की बदौलत मतदाता अपने मताधिकार के माध्यम से परोक्ष रूप से स्वयं ही शासन भी करता है मताधिकार की महत्ता पर उन्होंने व्यापक प्रकाश डाला और लोगों को इसके लिए जागरूक किया। विचार गोष्ठी को शिव मूर्ति गुप्ता तेज बहादुर यादव अरुण यादव आदि ने भी संबोधित किया।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक की सुनवाई चार दिसंबर को

अयोध्या। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप से जुड़े मामले में सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की सुनवाई अब चार दिसंबर को होगी। मामले में विधायक के चालक अनिल कुमार भी आरोपित हैं।अभियोजन के अनुसार, 23 फरवरी 2022 को थाना महाराजगंज में उपनिरीक्षक राम अवतार ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और उनके चालक अनिल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने और रुपये बांटने का प्रयास किया गया।आरोपपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट की न्यायाधीश स्वर्णमाला सिंह के न्यायालय में चल रही है। गत 19 नवंबर को मामले में सुनवाई निर्धारित थी। इस दौरान विधायक के अस्वस्थ होने का प्रार्थना पत्र उनके अधिवक्ता की ओर से प्रस्तुत किया गया।

शादी-विवाह के सीजन में उपभोक्ताओं को राहत दे रही जय मां गायत्री गैस सर्विस

गोसाईगंज (अयोध्या)। शादी-विवाह का सीजन शुरू होते ही रसोई गैस की मांग बढ़ने लगी है। इस बीच गैस की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच गोसाईगंज स्थित जय मां गायत्री गैस सर्विस ने उपभोक्ताओं को राहत देने का भरोसा दिलाया है। एजेंसी के मैनेजर आनंद प्रकाश सिंह ने बताया कि एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शादी-विवाह के आयोजनों को देखते हुए लोग अनावश्यक रूप से परेशान न हों किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। भारत गैस सिलेंडर की बुकिंग मोबाइल फोन के माध्यम से करें। बुकिंग के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गैस गोदाम एजेंसी के कर्मचारियों से सिलेंडर प्राप्त किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

भाजपा छोड़ बसपा में शामिल हुए ब्लाक प्रमुख प्रवीण सिंह

अमेठी । एक लम्बे समय से भारतीय जनता पार्टी के लिए संघर्षशील रहने वाले ब्लाक प्रमुख प्रवीण सिंह ने बुधवार को बसपा का दामन थाम लिया। बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को त्रिशुंडी में एक बड़ा राजनीतिक शो आयोजित करके लगभग चार दशक से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा और तीस साल से भाजपा की राजनीति में सक्रिय रहे ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह को पार्टी ज्वाइन कराया। ज्वाइनिंग में बसपा कार्यकर्ताओं और ब्लाक प्रमुख के समर्थकों की भारी भीड़ जुटी।

बसपा की जिला कमेटी और विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों ने बड़ी माला पहनाकर और बुकें भेंटकर प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व एम एल सी दिनेश चन्द्रा का स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल पूर्व एम एल सी दिनेश चन्द्रा मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल मंडल प्रभारी प्रदीप कुमार भारती अरविंद गौतम वरिष्ठ बसपा नेता जितेन्द्र मिश्र नन्हे सिंह चौहान शिवराम दिनेश गौतम युवा नेता अल्तमश खान बबलू पांडेय आदि पार्टी नेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।बड़ी संख्या में लोगों ने प्रवीण कुमार सिंह के साथ बसपा की सदस्यता ग्रहण की।प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने प्रवीण कुमार सिंह को पार्टी में शामिल करते हुए सौ बसों से भारी भीड़ के साथ अमेठी से 6दिसम्बर को सामाजिक परिवर्तन स्थल लखनऊ पहुंचने की जिम्मेदारी दी। कार्यक्रम में बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती के साथ सैकड़ों की संख्या में बामसेफ के कार्यकर्ता और महिलाएं ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह की ओर से दिए गए सदस्यता ग्रहण भोज में शामिल हुए और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने उत्तर प्रदेश में चार बार की बसपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि सपा भाजपा और बसपा के शासनकाल की तुलना करने के बाद उत्तर प्रदेश की जनता बसपा के शासनकाल को सबसे अच्छा मान रही है।भाजपा और सपा को कमजोर राजनीतिक दल होने का दावा किया कहा कि भाजपा के साथ 38 दलों का एन डी ए और कांग्रेस सपा के साथ 28 दलों का इंडिया है।

बहुजन समाज पार्टी एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसके साथ सर्वसमाज के दिलों का गठबंधन है जो दलों के गठबंधन पर भारी है। भाजपा और सपा को निशाने पर लिया कहा कि भाजपा सरकार स्कूलों को बंद करके दारु और शराब की दुकानें खोल रही है। नौजवानों को नौकरी के लिए एक भी भर्ती परीक्षा फाइनल नहीं हो पा रही है।उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भी करारा प्रहार किया।

एक नजर

संविधान दिवस के अवसर पर दिलायी गयी शपथ

गौरीगंज अमेठी। संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय पर उपस्थित सभी अधिकारीध्कर्मचारीगण को भारतीय संविधान की प्रस्तावना व संविधान में वर्णित कर्तव्यों व भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतन्त्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस कार्यालय में नियुक्त अधि0ध्कर्म0गण मौजूद रहे।

किशोरी को ले जाने का मुकदमा दर्ज

मुंशीगंज अमेठी । थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।तहरीर के मुताबिक 24 नवंबर की शाम आरोपी किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। किशोरी की मां ने बुधवार को पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

कृषि यंत्रों पर अनुदान को ऑनलाइन बुकिंग 5 दिसंबर तक

अमेठी। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जनपद के किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरण प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया 26 नवंबर 2026 को प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगी। इच्छुक किसान 05 दिसंबर 2026 की रात्रि 12 बजे तक विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन एवं बुकिंग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना में कस्टम हायरिंग सेंटर (परियोजना लागत 10 लाख रुपये) किसान ड्रोन एवं अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के एकल कृषि यंत्र एवं 30 लाख रुपये की परियोजना लागत वाले कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए भी बुकिंग की जाएगी। इसी प्रकार त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैच ड्रायर पॉपिंग मशीन एवं मेज सेलर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत मिलेट पार्लर तथा विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट नियंत्रण योजना के अंतर्गत मानव चालित स्प्रेयर पावर चालित स्प्रेयर एवं बखारी के लिए भी ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग विकासखंडवार विभागीय पोर्टल जिजचेरूध्हतपबनसजनतम.नच.हवअ.पद के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। किसान पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ विकल्प पर क्लिक करके अपना आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

प्रतियोगिता का चयन ट्रायल आज

अमेठी । जिला खेल कार्यालय द्वारा विभिन्न खेलों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जनपद के खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला एवं मंडल स्तरीय चयनध्ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या के पत्र के स्वम में प्रतियोगिताओं के लिए चयन प्रक्रिया की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयनध्ट्रायल 27 नवंबर 2026 को अपराह्न 2 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित होगा। चयनित खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय ट्रायल 28 नवंबर 2026 को अपराह्न 2 बजे अयोध्या में होगा। इस प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय आयोजन 01 से 06 दिसंबर 2026 तक झांसी में प्रस्तावित है। इसी प्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित सीनियर पुरुष एवं महिला जोड़ी प्रतियोगिता के लिए भी जिला स्तरीय चयनध्ट्रायल 27 नवंबर 2026 को अपराह्न 2 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में कराया जाएगा। इसका मंडल स्तरीय ट्रायल 28 नवंबर 2026 को अपराह्न 2 बजे अयोध्या में होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 09 से 11 दिसंबर 2026 तक लखनऊ में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनध्ट्रायल में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

गोकशी में वांछित समीर पुलिस मुठभेड़ में घायल,गिरफ्तार

सुल्तानपुर। अलीगंज के पड़वापुर में नहर पटरी पर हुई मुठभेड़, गैंगस्टर समेत 11 मुकदमे हैं दर्ज।गोकशी के मामले में बंधुआकला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।बुधवार देर रात अलीगंज चौकी क्षेत्र के पड़वापुर गांव स्थित नहर पटरी पर हुई पुलिस मुठभेड़ में वांछित आरोपी समीर गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आरोपी अमेठी जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के तकिया जमुवारी का निवासी है। वह बंधुआकला थाने में 22 नवंबर को दर्ज गोकशी के मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा,कारतूस,चापड़ और रस्सी बरामद करने का दावा किया है। आरोपी के खिलाफ सुल्तानपुर और अमेठी के विभिन्न थानों में गोकशी,गैंगस्टर, एनडीपीएस और हत्या के प्रयास समेत 11 मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मुठभेड़ और गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रांसफार्मर ठीक करते समय ठेका कर्मचार